**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## राज्यपाल से धूलण्डी पर विशिष्ट एवं आमजन ने की मुलाकात

जयपुर, 7 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को धूलण्डी पर विशिष्टजन, आमजन तथा राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने आगंतुकों को गुलाल लगाकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दी और उनकी सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की ।

-----

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 7 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर देश और प्रदेश की महिलाओं को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज जीवन के सभी क्षेत्रों में अग्रणी रहकर सफलता के नए कीर्तिमान रच रही हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने महिला सशक्तीकरण के लिए सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव लाते हुए बालिकाओं और स्त्रियों को बराबरी के अवसर प्रदान किए जाने का आह्वान किया है।

-----